भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +2130
सोमवार, 8 मार्च, 2021/17 फाल्गुन, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

काकीनाडा में समुद्रतटीय परिपथ का विकास

+2130. श्री मारगनी भरत:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या प्रसाद योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के काकीनाडा होप आईलैण्ड कोनासीमा में समुद्र तटीय परिपथ के विकास को 2014-15 में अनुमोदित किया गया था और मंत्रालय द्वारा इस प्रयोजन हेतु 70 करोड़ की धनराशि भी स्वीकृत की गई थी और यदि हां, तो इस परिपथ का ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य सरकार ने किस तारीख को परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किया था तथा उक्त प्रस्ताव पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई;

(ग) क्या मंत्रालय ने अंतिम विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के संबंध में और स्पष्टीकरण की मांग की है और यदि हां, तो प्रश्नों और उस पर राज्य सरकार की प्रतिक्रिया का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त परियोजना को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; और

(ड.) इस परिपथ और आंध्र प्रदेश में स्थित अन्य परिपथों के लिए 2021-22 के लिए आवंटित की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तटवर्ती परिपथ थीम के अंतर्गत दिनांक 31 मार्च, 2015 को कुल 67.84 करोड़ रु. की राशि से काकीनाडा- होप आईलैंड- कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य- पसारलापुडी- अदूरू- एस यानम- कोटिपल्ली के विकास की परियोजना को स्वीकृति दी गई थी।

राज्य सरकार द्वारा संशोधित प्रस्ताव 27 मार्च 2015 को प्रस्तुत किया गया था और मिशन निदेशालय द्वारा यह प्रस्ताव दिनांक 30 मार्च 2021 को और केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (सीएसएमसी) द्वारा 31 मार्च 2021 को अनुमोदित किया गया था। यह परियोजना पूरी हो गई है।

पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन तथा तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन योजना (प्रशाद) के अंतर्गत परियोजनाओं की स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है।

वर्तमान में स्वदेश दर्शन योजना की समीक्षा चल रही है और इस योजना के तहत किसी नई परियोजना को स्वीकृति नहीं दी जा रही है। तथापि स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

*****

अनुबंध

काकीनाडा में समुद्रतटीय परिपथ का विकास के संबंध में दिनांक 08.03.2021 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +2130 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा ।

क्र. सं.	**परिपथ**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
स्वदेश दर्शन योजना				
1.	तटवर्ती परिपथ	2014-15	काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अड्डूरू - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास	67.84
2.	तटवर्ती परिपथ	2015-16	नेल्लोर - पुलिकट झील - उबलंबादुगु झरने - नेलपट्टू- कोठाकोड्डुरु- मिपादु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास	49.46
3.	बौद्ध परिपथ	2017-18	शालिहुंडम-थोटलाकोंडा- बाविकोंडा- बोज्जनाकोंडा- अमरावती- अनूपु का विकास	52.34
प्रशाद योजना				
4.		2015-16	अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का पर्यटन स्थल के रूप में विकास	27.77
5.		2017-18	श्रीसेलम मंदिर का विकास	47.45

*****